
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 112 मुरादाबाद 18 August 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी के अफसरों पर सीएम योगी सख्त, पार्टी नेताओं की बात नहीं सुनने वाले अधिकारियों की मांगी सूची



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं और कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनने वाले अधिकारियों की सूची मांगते हुए बुधवार को कहा कि हर व्यक्ति का जायज काम बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर दौरे के दौरान पुलिस लाइन में जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान भाजपा के स्थानीय नेताओं ने इस बात की शिकायत की कि जिले के कुछ अधिकारी सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की बात नहीं सुनते, जिससे गरीब लोगों का काम नहीं हो पाता है। इस पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर यह हो रहा है तो ऐसे अधिकारियों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने कहा कि काम किसी भी पार्टी या व्यक्ति का हो, अगर वह जायज है तो उसे होना चाहिए; सरकार बगैर किसी भेदभाव के कार्य करती है और अगर किसी को कोई समस्या है तो उसका समाधान किया जाना चाहिए, यही सरकार की प्राथमिकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता यह न समझे कि उसे किसी सीढ़ी की जरूरत है; वे हेल्पलाइन नम्बर पर बात कर सकते हैं, मुख्यमंत्री पोर्टल पर लिख सकते है और तब भी उनकी समस्या का समाधान न हो तो वे मुझे सीधे लिख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस बैठक के दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी करने के लिये जरूरी निर्देश भी दिए। अपने सहारनपुर दौरे के दौरान योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में मंडल के अधिकारियों के साथ की गई बैठक में कहा कि हरियाणा की तर्ज पर सहारनपुर मे भी प्लाईवुड फैक्ट्री लगाई जायेगी, जिससे सहारनपुर के ही नहीं बल्कि आसपास के युवाओं को भी रोजगार मिलेगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओ का लाभ आम जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाये व इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसके बाद नगर निगम परिसर मे स्थापित किए गए एकीकृत कमांड नियंत्रण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर शहर को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए अधिक से अधिक कैमरे लगाए जाएं, ताकि अपराध को नियंत्रित किया जा सके।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## प्रधानमंत्री जी, आपकी कथनी-करनी में अंतर देख रहा देश... बिलकिस बानो गैंगरेप केस पर बोले राहुल गांधी



गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो से गैंगरेप के दोषियों को रिहा करने वाले प्रकरण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि पीएम जी पूरा देश आपकी कथनी और करनी में अंतर देख रहा है। महिला से बलात्कार और उसकी तीन साल की बच्ची की हत्या करने वालों को आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान रिहा किया गया।बिलकिस बानो से गैंगरेप के दोषियों को 15 अगस्त के दिन रिहा करने वाले प्रकरण पर देशभर में आक्रोश है। तमाम विपक्षी पार्टियां चुनाव से पहले इसे भाजपा के स्टंट के रूप में देख रही है। विपक्षी पार्टियों ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इससे पता लगता है कि भाजपा क्या सोचती है। अब इस मामले में कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने भी निशाना साधा है। बुधवार को अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। ट्वीट किया, 5 महीने की गर्भवती महिला से बलात्कार और उनकी 3 साल की बच्ची की हत्या करने वालों को आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान रिहा किया गया। राहुल गांधी आगे लिखते हैं, नारी शक्ति की झूठी बातें करने वाले देश की महिलाओं को क्या संदेश दे रहे हैं? प्रधानमंत्री जी, पूरा देश आपकी कथनी और करनी में अंतर देख रहा है।गौरतलब है कि 15 अगस्त को गुजरात सरकार के आदेश पर बिलकिस बानो से गैंगरेप के 11 दोषियों को रिहा किया गया। जब वे जेल से बाहर आ रहे थे उनका फूल-माला और मिठाईयों से स्वागत किया गया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। ये लोग गुजरात दंगा 2002 के दौरान बिलकिस बानो से गैंगरेप के दोषी हैं। इन्होंने गैंगरेप से पहले बानो के परिवार के सात लोगों की हत्या की थी। जिसमें बानो की तीन साल की बच्ची भी शामिल थी। जिन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

## जीआईसी में आपस में भिड़ गए शिक्षक, देखते ही देखते चलने लगे लाठी-डंडे



सोशल मीडिया पर दो गुटों के बीच मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो यूपी के हमीरपुर जिले के राजकीय इंटर कॉलेज का बताया जा रहा है। वीडियो में जो मारपीट करते नजर आ रहे हैं वह शिक्षक बताए जा रहे हैं, जिनकी किसी बात को लेकर मारपीट शुरू हो गई थी, देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडो बरसाने भी शुरू हो गए। दोनों के झगड़े का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने मामले का संज्ञान लिया है। प्रधानाचार्य ने घटना की जानकारी डीआईओएस को पत्र भेजकर दी है। पुलिस ने दोनो शिक्षकों को थाने में बैठा लिया है।मामला मंगलवार का बताया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज कुरारा में सातवीं बेला में किसी बात को लेकर सहायक अध्यापक शैलेन्द्र सिंह का पीटीए शिक्षक ब्रजेश कुमार से विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर जमकर मारपीट हुई। जिससे पीटीए शिक्षक ब्रजेश कुमार लहूलुहान हो गए। कालेज के शिक्षकों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। इंचार्ज प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल ने थाना पुलिस को अवगत कराने के साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिखकर घटना से अवगत करवाया। बताया कि जब वह चैनल के पास पहुंचे तो वहां शैलेंद्र, पंकज व गोपाल बैठे थे और शैलेंद्र गाली-गलौज कर रहे थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बीमा नगर में किसान के प्लॉट पर अवैध कब्जा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मिले एसडीएम कोल से

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ किसानों के प्लॉट पर दबंगों दिए गए कब्जे को लेकर एसडीएम कोल संजीव ओझा से मिले तत्काल प्लॉट से कब्जा हटवाने की मांग की किसान अर्जुन सिंह पुत्र सरदार सिंह सूत मिल भीमा नागर के प्लॉट पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है उस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा महानगर की तरफ से एसडीएम कॉल को एक पत्र भी दिया है काल कार्रवाई की मांग की है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने एसडीएम को दिए गए पत्र में साफ कहां है कि किसान प्लॉट से कब्जा तत्काल हटाए एसडीएम कोल ने



तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है अगर अगर अति शीघ्र कब जा नहीं हटा भाजपा किसान मोर्चा महानगर कोई कठिन कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होगा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि गरीब किसान खेती में से बचा बचा कर के प्लॉट खरीदा है उस प्लॉट पर दबंगों ने कब्जा कर लिया इससे संबंधित थाने में दी गई पीड़ित किसान ने बताया है संबंधित थाना बन्नादेवी पुलिस ने उनकी कोई मदद नहीं की किसान को उल्टा धमकाया उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है अवैध कब्जा किसानों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उनके प्रतिनिधिमंडल में ठाकुर चित्र पाल सिंह पीड़िता का पूरा परिवार महानगर कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा संजय कुमार सिंह उर्फ सनी ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# पशु चोर गिरफ्तार ,चोरी गये पशु बरामद

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्द्धन सिंह, थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के भ्रमणशील थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना दी कि एक संदिग्ध पिकअप UPy0 ञ्ज 9081 जो कि ग्राम परसा डेहरिया से ग्राम असरफा की तरफ जा रहा है जिसमे चोरी के 04 भैंसे लदी हुयी हैं इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर मय पुलिस फोर्स द्वारा ग्राम असरफा के पास पिक-अप को रोकने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तगणो द्वारा पुलिस फोर्स को मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया जिससे पिकअप असंतुलित होकर पलट गई और मौके पर ही मय माल



अभियुक्तगण 1.नौशाद अली पुत्र ताहिर खाँ वर्ष निवासी गुरगुट्टा थाना नानपारा जनपद बहराइच 2. सद्दाम पुत्र असलम निवासी महुली शेर थाना नानपारा जनपद बहराइच गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0369/2022 धारा 34,307,411 भा0द0वि0, 41 सीआर0पी0सी0 व 11( ख ) पशु क्रुरता अधि0 तथा धोबी पुत्र अज्ञात मु0अ0सं0 0370/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 में अभियोग पंजीकृत किया गया। 1.धोबी पुत्र अज्ञात 2. मंसूर पुत्र अज्ञात मौके से भगाने में सफल हो गये जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगा दी गयी है। अभियुक्तो द्वारा जनपद/गैर जनपदों के गांवो मे जाकर मवेशियों के व्यापारी बनकर अच्छे मवेशियों की रेकी की जाती थी व रात्रि हो जाने पर मवेशियों को चुरा लाते थे। पिक-अप वाहन की मदद से यह मवेशियों को जनपद/गैर जनपद ले जाकर बेंच देते थे।

# विधायक, जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने किया वृक्षारोपण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती, स्पोर्टस स्टेडियम भिनगा में विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण किया गया। और लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया। तदोपरान्त स्पोर्टस स्टेडियम भिनगा में फुटबाल लीग सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह एवं जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय उपस्थित रहें। जिसमें स्पोट्र्स स्टेडियम बनाम वाटर क्लब के मध्य हुआ, जिसमें टीम 'वाटर क्लब' 3-0 गोल से विजयी रही। एम0ए0 केरियर के



संयोजन मोहम्मद अगम व फुटबाल संघ के सचिव जमील, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रृद्धा पाण्डेय द्वारा उक्त प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया गया। क्त कार्यक्रमों की समाप्ति पर जिला क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव ने मुख्य अतिथि एवं आये हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मो0 मुस्लिम, फुटबाल प्रशिक्षक जगेसर सैनी, खो-खो प्रशिक्षक, विवेक प्रकाश सिंह, हाकी उपस्थित रहें।

# चांदी और पीतल के पालनों में झूलेंगे लड्डू गोपाल

आज जन्माष्टमी है। इस पर नए लड्डू गोपाल घर लाकर पूजन करने का चलन बढ़ता जा रहा है। इसीलिए बाजार में पीतल के कई साइज के लड्डू गोपाल छाए हैं। मध्यम स्तर के लड्डू गोपाल की तो कमी भी हो गई है। वहीं सर्राफा बाजार में भी चांदी के लड्डू गोपाल की धूम है। यहां छोटे साइज के लड्डू गोपाल



की मांग अधिक है।बर्तन बाजार में मूर्ति विक्रेता अभिषेक अग्रवाल ने बताया कोरोना के दो साल बाद जन्माष्टमी पर रौनक है। बाजार में ढाई इंच से डेढ़ फिट तक की पीतल की मूर्तियां उपलब्ध हैं। यह छोटे साइज में सौ रुपये से शुरू हैं, जबकि बड़े साइज की प्रतिमा 900 से 1200 रुपये किलो तक में बिक रहीं हैं। पांच से छह इंच की प्रतिमा की अधिक मांग होने के कारण बाजार में इनकी कमी तक हो गई है। उधर मूर्ति विक्रेता अंबरीष अग्रवाल ने बताया इस बार देश के अन्य शहरों से भी लड्डू गोपाल की अत्यधिक मांग रही। मुंबई, मद्रास, कलकत्ता, हैदराबाद, बंगलौर, दिल्ली सहित मथुरा और वृंदावन तक में मुरादाबाद से लड्डू गोपाल की धूम रही। तीन से चार माह पहले ही आर्डर आ गए थे। इनकी आपूर्ति एक सप्ताह पहले तक की गई। उन्होंने बताया इस बार विदेशों से भी लड्डू गोपाल के काफी आर्डर मिले। उधर सर्राफ नीरज अग्रवाल, अमित गुप्ता और नवीन रस्तोगी ने बताया इस बार लोगों का क्रेज चांदी के लड्डू गोपाल की ओर भी बढ़ा है।

## बाबा बगियानाथ मंदिर पर मनाई जाएगी कृष्ण जन्माष्टमी

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री बाबा बगिया नाथ मंदिर पर 18 अगस्त दिन गुरुवार को जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बड़े ही धूम धाम से कन्हैया का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसमे कानपुर बरेली की सुंदर सुंदर झांकियां दिखाई जाएंगी। कमेटी के पदाधिकारियों ने नगरवासियों एवं क्षेत्र वासियो से अपील करते हुए कहा कि आप सभी सादर आमंत्रित है आप सभी लोग कान्हा के जन्म उत्सव में आए और पुण्य के भागीदार बने।

## मामूली विवाद में युवक को डंडे से पीटकर किया घायल



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- थाना क्षेत्र के गांव कुभिया माफी निवासी बालिस्टर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है,कि वह मंगलवार को अपने खेत में कार्य कर रहा था तभी गांव के रहने वाला शिवकुमार वहां आ गया और गंदी गंदी गालियां देने लगा विरोध करने पर उक्त ने डंडे से उसके सिर पर प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया,पुलिस ने पीड़ित बालिस्टर की तहरीर पर उक्त आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## दो बाइको की भिड़ंत में महिला घायल, हालत गंभीर



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- जनपद लखीमपुर खीरी के थाना भीरा में रहने वाले बाबू की पत्नी राम बेटी का मायका खुटार थाना क्षेत्र के गांव लुकटाह में है,मंगलवार को वह अपने घर से अपने भाई के घर आ रही थी तभी गांव लुकटाह मोड़ गुरुद्वारे के पास सामने से आ रहे बाइक सवारों से उनकी टक्कर हो गई,जिससे रामबेटी गंभीर रूप से घायल हो गयी,हादसे की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए,और परिजनों ने उसे खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

## 400 ग्राम अवैध चरस के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली भिनगा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्राइवेट बस स्टैंड भिनगा के पास से अभियुक्त ननके पुत्र रजिस्टर निवासी भरथा बेलभरिया थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 400 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया किया गया। थाना को0भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 421/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया ।

# कमिश्नरी सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पेट्रोल पम्प स्वामियों के सम्मान समारोह का आयोजन



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त मुरादाबाद श्री आन्जनेय कुमार सिंह द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के महति उद्देश्य की पूर्ति हेतु महिलाओं की सुविधा एवं उनकी आकस्मिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मुरादाबाद मण्डल के सभी जनपदों में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं मुख्य मार्गों पर स्थित पेट्रोल पम्पों पर महिलाओं हेतु स्वच्छ शौचालय का उच्चीकरण एवं पम्पों पर आवश्यक व्यवस्थाएं यथा सेनेटरी पैड, पेपर रोल, स्वच्छ पेयजल, नेपकिन एवं अन्य वस्तुओं की सुविधा प्रदान किए जाने पर पेट्रोल पम्प स्वामियों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने ग्लोबल फिलिंग स्टेशन अमरोहा, रजबपुर फिलिंग स्टेशन अमरोहा, डिडौली फिलिंग स्टेशन अमरोहा, मुकुट आटोमोबाइल्स मुरादाबाद, श्री सांई फिलिंग स्टेशन कांठ रोड मुरादाबाद, आजाद फिलिंग स्टेशन बाईपास रोड मुरादाबाद, अग्रवाल आटो बिलासपुर, फेड्स फिलिंग स्टेशन रामपुर, महालक्ष्मी मोटर सिविल लाइन रामपुर, ईसा फिलिंग स्टेशन गुन्नौर, मालबाबू एनर्जी फिलिंग बहजोई, विमल फ्यूल चन्दौसी तथा जन्नत फिलिंग स्टेशन बिजनौर, कारगिल फिलिंग स्टेशन बिजनौर, आरेंज फिलिंग स्टेशन बिजनौर के स्वामियों को सम्मानित किया गया।

मण्डलायुक्त ने मण्डल के समस्त पेट्रोल पम्पों के स्वामियों का सम्मान समारोह में सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पेट्रोल पम्पों पर महिला संबंधी मूलभूत सुविधाए उपलब्ध हों जैसे सेनेटरी पैड, नेपकीन, बंदमुंह का डस्टविन आदि व्यवस्थाएं होनी चाहिए। किसी भी महिला को पीरियड किसी भी दौरान हो सकता है इसमें हमारे बेटी, पत्नी आदि कोई भी हो सकता है यह हमारी संवदेना की बात है। टायलेट जाते समय महिला को गोपनीयता व सिक्योरिटी चाहिए। हर महिला अपनी समस्या को बता नही पाती इसलिए हमें नारी शक्ति की जरुरत को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा कि दूसरों की समस्याओं को भी उसके नजरिए से देखने की जरुरत है। पेट्रोल पम्पों पर लगभग साढ़े पांच सौ सेनेटरी पैड का उपयोग महिलाओं द्वारा किए जाने पर उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य एवं जीवन से जुडा मसला है। पेट्रोल पम्पों पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान हेतु ऐसी व्यवस्थाएं हर समय उपलब्ध रहें ताकि यह संदेश राज्य स्तर के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के साथ उनकी जरुरतों को भी समझना होगा। अपर आयुक्त बी0एन0 यादव ने कहा कि आज आयुक्त सभागार में पेट्रोल पम्प स्वामियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में मण्डलायुक्त द्वारा सम्मान किया गया और अपर आयुक्त ने सभी पेट्रोल पम्प स्वामियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मण्डलायुक्त द्वारा पेट्रोल पम्प स्वामियों को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह् प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पम्प स्वामी पेट्रोल पम्पों पर शिकायत व सुझाव पुस्तिका/पेटिका अवश्य लगायें, ताकि कोई भी महिला अपना शिकायत व सुझाव लिख सके। उन्होंने बताया कि मण्डल में कुल 111 पेट्रोल पम्प चयनित किए गये जिसमें से अमरोहा में 17, मुरादाबाद में 41, रामपुर में 17, सम्भल में 15 एवं बिजनौर में 21 पेट्रोल पम्पों पर महिला टायलेट सेनेटरी पैड, नेपकिन, बंद मुंह का डस्टविन आदि की व्यवस्था की गयी है। इस अवसर पर उपायुक्त खाद्य, सिद्ध अस्पताल के डा0 अनुराग मेहरोत्रा, एचडीएफसी बैंक चीफ मैनेजर, राव जावेद अली, डीएसओ, मुरादाबाद अजय प्रताप सिंह, सम्भल नरेन्द्र तिवारी, रामपुर अभिषेक कुरील, अमरोहा पूरन सिंह चैहान, बिजनौर विजय प्रताप सिंह एवं समस्त पेट्रोल पम्प स्वामी आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन डीएसओ मुरादाबाद ने किया।

# मतदाता सूची से आधार लिंक कराने में राजनैतिक दलों का सहयोग अपेक्षित-डीएम



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में मतदेय स्थलों के संभाजन के सम्बन्ध में विचार विमर्श हेतु राजनैतिक दलों के साथ बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि वोटर लिस्ट आधार लिंकिंग में राजनैतिक दलों का सहयोग अपेक्षित है। मतदाता सूची शुद्ध होगी तो चुनाव कराने में भी सरलता होगी। उन्होंने अधिकारियों से भी कहा कि क्रियाशील होकर कार्य करें ताकि मुरादाबाद की प्रगति अन्य जिलों से कम न हों। जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन संबंधी बिन्दुओं के संबंध में बताया कि मतदेय स्थलों को विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार रनिंग नम्बर दिए जाएंगे। मतदेय स्थलों की नई सूची में कोई भी सहायक मतदेय स्थल नही रखा जायेगा। यदि एक मतदान केन्द्र पर दो से अधिक मतदेय स्थल स्थापित हो तो उनको यथासंभव 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर समायोजित किया जाना है, ताकि मतदेय स्थलों की संख्या को कम किया जा सके। ऐसे मतदेय स्थल जिन पर मतदाताओं की संख्या 500 से कम है उनका भौतिक सत्यापन एवं तार्किक विश्लेषण करते हुए इस बात का परीक्षण भी किया जाना है कि क्या ऐसे मतदेय स्थलों को किसी अन्य मतदेय स्थलों के साथ समायोजित किया जा सकता है। निर्धारित सीमा से अधिक मतदाताओं वाले ऐसे मतदेय स्थल जहां उसी मतदान केन्द्र पर अन्य मतदेय स्थल भी हैं और उन मतदेय स्थलों में मतदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम है तो ऐसी स्थिति में नई मतदेय स्थलों का सृजन किए बिना भोगोलिक रुप से क्षेत्र की सुसम्बद्धता बनाये रखते हुए विद्यमान बूथो पर ही मतदाताओं को पुर्नसमायोजित किया जाना है और ऐसे प्रकरणों में अपरिहार्य परिस्थितियों में ही मतदेय स्थलों की संख्या में वृद्धि की जाये। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 25-कांठ में प्रस्तावित मतदान केन्द्र 210 प्रस्तावित मतदेय स्थल 417, 26-ठाकुरद्वारा में प्रस्तावित मतदान केन्द्र 224 प्रस्तावित मतदेय स्थल 407, 27-मुरादाबाद ग्रामीण में प्रस्तावित मतदान केन्द्र 145 प्रस्तावित मतदेय स्थल 398, 28-मुरादाबाद नगर में प्रस्तावित मतदान केन्द्र 133 प्रस्तावित मतदेय स्थल 502, 29-कुन्दरकी में प्रस्तावित मतदान केन्द्र 222 प्रस्तावित मतदेय स्थल 436 तथा 30-बिलारी आंशिक में प्रस्तावित मतदान केन्द्र 200 तथा प्रस्तावित मतदेय स्थल 348 है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर प्रशान्त तिवारी, अपर नगर मजिस्टेªट प्रथम प्रज्ञा यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मो0 शबाहत एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# जन्माष्टमी का सार्वजनिक अवकाश अब 19 अगस्त को-डीएम

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग लखनऊ की विज्ञप्ति दिनांक 20 अक्टूबर 2021 के द्वारा वर्ष 2022 हेतु घोषित अवकाशो में दिनांक 18 अगस्त 2022 (गुरुवार) को जन्माष्टमी को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि हिन्दू पंचांग के अनुसार जन्माष्टमी का त्योहार दिनांक 19 अगस्त 2022 को मनाये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। ऐसी स्थिति में जन्माष्टमी का त्योहार दिनांक 18 अगस्त 2022 (गुरुवार) के स्थान पर दिनांक 19 अगस्त 2022 (शुक्रवार) को मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गये निर्णय के आलोक में जन्माष्टमी के त्योहार हेतु दिनांक 18 अगस्त 2022 के स्थान पर दिनांक 19 अगस्त 2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तद्नुसार विज्ञप्ति दिनांक 20 अक्टूबर 2021 यथासंशोधित समझी जाये। प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग लखनऊ की विज्ञप्ति दिनांक 17.08.2022 के अनुपालन में दिनांक 18 अगस्त 2022 (गुरुवार) के स्थान पर दिनांक 19 अगस्त 2022 (शुक्रवार) सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# New cabinet

The swearing-in of 31 new ministers in Bihar on Tuesday morning and the announcement of division of portfolios by noon shows that the Nitish Kumar-led Mahagathbandhan government had completed its homework in the last five-six days. The new government came into existence only on August 10. This is certainly commendable, because in the political culture we have seen in recent years, cabinet formation has become one of the most difficult tasks for the head of any coalition government. The latest example is in front of us in Maharashtra, where Chief Minister Eknath Shinde took nearly 40 days to form his cabinet and even after this the discontent of the MLAs of his camp is making headlines every day. Obviously, Nitish Kumar is a seasoned politician and has been leading a coalition government continuously, so he probably did not have to make much effort. The good thing is that his cabinet is projecting an inclusive image. But from here the challenges of the Grand Alliance government also begin. Firstly, the BJP, which was ousted from power, will now more aggressively attack any lapse of the new government in the role of opposition, on the other hand, the pressure will also be on this government to fulfill the increased aspirations of the common people at the earliest. The announcement made by the Chief Minister to provide 20 lakh jobs and employment on the occasion of Independence Day is a big announcement. If he succeeds in carrying out this promise, it will not only benefit the youth of Bihar, but will also answer the vociferous critics of the move to change alliances. But this task is not that easy. First, his government has barely three years left. Second, the state government will need huge financial resources to fill the vacancies in all government departments. In the changed political conditions, it cannot expect liberal co-operation from the Centre. Therefore, all the ministers of this government will have to bring such a work culture in their respective departments, in which not only can quick decisions be taken, but all their schemes are employment oriented. The new political mobilization of the parties involved in the ruling Grand Alliance is inspired by the 2024 general election. But these parties should not be under the impression that without making a solid performance at the level of governance, they will be successful only because of social alliances. Well, in the new cabinet, the most backward classes have been given considerable representation. But the Chief Minister has a constitutional mandate to have only 36 ministers, and there are many politically conscious castes in Bihar who have not been represented in the cabinet. No government can give ministerial posts to all castes. As such, there will always be a challenge for the ruling coalition to satisfy them. Bihar needs a stable and very active government, which really makes the change felt. Like it happened in the first term of the Nitish Kumar-BJP alliance. Tejashwi Yadav has departments that connect directly with the public. If he can assure the people of Bihar with his actions, then it will be in their favor and also in the interest of the state.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Jannat Zubair Rahmani showed 'savoury' style, fans said, 'Punjabi Kudi'



New Delhi, JNNl Jannat Zubair Rahmani Video: Jannat Zubair Rahmani has shared her recent bold reel video on Instagram. In this she can be seen getting ready. A hair dresser is doing her hair. Jannat Zubair Rahmani is looking gorgeous in the video. She has put on make-up. After this she chuckles and is seen in the video transformed into a salwar kameez. Fans have commented Punjabi on Jannat Zubair Rahmani's video.“Jannat Zubair Rahmani's video has gone viral on Instagram. It has garnered more than two lakh likes in 1 hour. While more than 1300 comments have been made on it. Many people have shared heart and fire emojis on it. Comments like Nice, Beautiful, Mashallah, Punjabi Kudi, Hi, Super have been made on this. Jannat Zubair Rahmani is looking very beautiful in the video Jannat Zubair Rahmani is looking very beautiful in the video. She is wearing a veil and she is seen wearing a Punjabi suit. While sharing the video, Jannat Zubair Rahmani wrote, 'See?' With this she wrote, 'Kulche Cholel' Jannat Zubair Rahmani had shared pictures of her recent bold photoshoot on Instagram even before this. She shared a total of 5 pictures. In this she can be seen wearing a deep neck sleeveless Thai high gown, in this She was looking very beautiful. Her pictures got close to 1.25 lakh likes. While more than 8300 comments were made on it. Jannat Zubair Rahmani often shares her hot and bold pictures and videos. Jannat Zubair Rahmani is very active on social media. She often shares her hot and bold pictures and videos. Her fans are also very excited about it. Jannat Zubair Rahmani has 43 million followers on Instagram. She also often talks to her followers. Her fans are also excited about this.

## Pregnant Bipasha Basu said - I have a baby in my stomach, cute video is going viral



Bipasha Basu has now shared a cute video related to her pregnancy. In this, she is seen enjoying her pregnancy days. On Tuesday, Bipasha and her husband Karan Singh Grover shared the good news of becoming their parents by posting on Instagram. Bipasha posted her maternity shoot with Baby Bump, after which she has been receiving congratulations. Now she has shared her cute video with fans. Bollywood actress Bipasha Basu is enjoying her maternity period a lot these days. Bipasha recently shared a video on her social media handle. Through the video, Bipasha has joined the move your bump trend. In the caption of the video, Bipasha wrote Love my baby bump, love my body, love my self. Bipasha is enjoying pregnancy- Actor Karan Singh Grover writes on her post, yes look my baby is in your belly. Shortly after the video was shared, the fans as well as many celebrities wished both of them for the upcoming child. Thanks to the fans - Bipasha wrote in the post announcing the pregnancy, both of us were alone first, then I met Karan. The love between us was too much for two people. Soon we're going to have two to three. Soon a new member is going to come to this world to complete our family. With the arrival of this new member, a new phase in the life of all of us is going to start. Your prayers and love have always been with us. The effect of all your prayers is that now we are going to be two to three. Bipasha Basu and Karan Singh Grover met in the year 2015 during the shooting of the film 'Alone'. In April 2016, both tied the knot.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## मारहरा में धूमधाम से निकाली वीरांगना अवंतीबाई शोभायात्रा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा के मारहरा और मिरहची में 16 अगस्त को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जन्म जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता भूदेव सिंह लोधी ने की, और मंच संचालन नरपति सिंह वर्मा ने किया। शोभायात्रा का फीता काटकर उदघाटन मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी ने किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम लोग माँ अवंति बाई लोधी के वंशज है हमेगर्भ हैं।इस दौरान उन्होंने मिरहची नगर के साथ मारहरा में भी अपनी टीम के साथ नगर भृमण किया।शोभायात्रा करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में निकली जिसमे सबसे पहले मोटरसाइकिल सवार, ऊँट, घोड़े, देवी देवताओं के बड़े बड़े डोले और झांकियों के साथ ही बीच में पैदल यात्रा, बाद में निजी वाहनों ने भाग लिया।शोभायात्रा मिरहची से मारहरा पहुची, और नगर भृमण के साथ अवंती बाई इंटर कॉलेज मारहरा प्रांगण में पहुँची, जहाँ उसके सभागार में मंचासीन गणो में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य



घनश्याम सिंह लोधी प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय लोधी महासभा रहेउन्होंने कहा कि लोधियों की आन, वान, शान,सम्मान, स्वाभिमान है वीरांगना अवंती वाई लोधी, हम लोगो को शिक्षा, राजनीति, सामाजिक2कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।।ब्रज क्षेत्र प्रभारी कु0किरन ने कहा कि पूरे प्रदेश में लोधी समाज एक मजबूत स्थिति में है, विशिष्ठ अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर अमर पाल सिंहने कहा कि हमे शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।,ब्लाक प्रमुख रवि लोधी,पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य विनोद उर्फ बंटी ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश लोधी, रामप्रताप सिंह, राकेश राजपूत, रामदास लोधी,पूर्व प्रधान गुलजारी लाल, भाजपा नेता महेश वर्मा, रामसेवक पहलवान,वरिष्ठ अधिवक्ता उदयवीर सिंह, राष्ट्रीय लोधी महासभा एटा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट, डॉ0जय सिंह लोधी, संजीव राजपूत रहे। शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष रामप्रताप सिंहलोधी, महामंत्री जितेंद्र फौजी, कोषाध्यक्ष चमन प्रकाश लोधी अध्यापक, उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, जय जय प्रधान मंत्री, नीरज लोधी मंत्री, वीरेश कुमार, सतेंद्र प्रधान, किशोरी लाल,रिंकू प्रधान, रामसिंह, अवनीश कुमार, के0पी0सिंह लोधी, किशनदेव, भगीरथ लोधी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, सतेंद्र कुमार, आलोक आचार्य, सोमेंद्र लोधी, लव कुमार, तथा मेला कमेटी में भूप सिंह अध्यपक आदि के साथ सैकड़ो महिलाओं, लोगो ने भाग लिया।

## थाने जा रहे किसान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बागवाला थाना क्षेत्र में एक किसान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। किसान को बीच रास्ते में दस से 12 लोगों ने घेरा, जिसके बाद उस पर हमला कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बागवाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कनिकपुर निवासी खड़ग सिंह की हत्या बुधवार सुबह गांव से बाहर कर दी गई।

उन पर कुल्हाड़ी से वार किए गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो खड़ग सिंह का खून से लथपथ शव देख चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंच गई। पुलिस ने किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पुलिस पूछताछ में मृतक के पुत्र सुनील और रजत ने बताया कि दो दिन पहले गांव के एक पक्ष से मामूली बात को लेकर कहासुनी और विवाद हो गया था। पुलिस ने दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली, जबकि उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी थी। इसको लेकर सुबह के समय पिता खड़ग सिंह थाने की ओर जा रहे थे। रास्ते में विरोधी पक्ष के 10-12 लोगों ने उन्हें घेर लिया और कुल्हाड़ी प्रहार से हत्या कर दी।

## धूमधाम से निकाली गई तिरंगा पदयात्रा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के बैनर तले तिरंगा पद यात्रा का आयोजन किया गया जिस में तिरंगा पदयात्रा एटा प्रदेश कार्यालय से होकर शिकोहाबाद रोड से शुरुआत कर कचहरी रोड वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला कारागार महिला थाना माया पैलेस चौराहा होते हुए शहीद भगत सिंह स्मारक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया गया तिरंगा यात्रा में सैकड़ों किसान कार्यकर्ता , व्यापारी मौजूद रहे

जिसमें प्रमुख रुप से प्रदेश प्रभारी माननीय श्री आशीष पांडे प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा श्री शरद चौहान जिला अध्यक्ष अनूप पाराशर प्रदेश प्रभारी आईटी सेल दीपक पंडित, मंडल प्रमुख आईटी सेल खुशबू यादव, राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र भारद्वाज विवेक यादव, विशाल पंडित,सुरजीत यादव, आदि लोग मौजूद रहे।।

## एटा नगर में हुआ स्वास्थ्य मेले का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- नगर में हुआ स्वास्थ्य मेले का आयोजन इण्डियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा की जिला इकाई एटा की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर शहर के गरीब, मजदूर एवं बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिये शहर के अति पिछड़ा व अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र होली मोहल्ला, रेवाड़ी मोहल्ला, किदवई नगर, इस्लाम नगर, मारहरा गेट, कृष्णा नगर, पीपल अड्डा आदि क्षेत्र के लोगों के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला प्रशासन के सहयोग से लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरण करके करीब 200 लोगों को स्वास्थ्य लाभ जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा प्रदान कराया गया। इस स्वास्थ्य मेले के कैम्प का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री आलोक कुमार एवं ए0एस0पी0/ क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दोनों अधिकारियों ने सर्वप्रथम अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जिला चिकित्सालय के योग्य एवं अनुभवी वरिष्ठ चिकित्सक श्री



मनोज गुप्ता, श्री सुशील कुमार के साथ पॉच सदस्यीय स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को देखा व दवाईयों का वितरण किया व आवश्यक जॉच की। स्वास्थ्य केम्प के कार्यक्रम का संचालन महासभा के प्रदेश महासचिव मो0 इरफान एडवोकेट ने किया। इस मौके पर पूर्व चैयरमेन अशरफ हुसैन, वरिष्ठ नेता जहीर अहमद, राकेश गांधी, मेधाव्रत शास्त्री, जमशेद आलम, डॉ0 विकास सक्सैना, सभासद रियाज अहमद उर्फ गट्टू व वारिस, ठाकुर अनिल सोलंकी, हनीफ सैफी, असरार अहमद, सदीक अहमद, छिद्दू खॉ आदि समाजसेवियों के साथ महासभा के जिला अध्यक्ष मो0 इरफान वारसी के साथ वकील अहमद, अब्दुल जब्बार, यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष मु0 रियाज अब्बास, मो0 सुल्तान अब्बास, आबिद अली, डॉ0 मुनीश, डॉ0 राजू, फिरोज, मु0 फरमान, सूफी जमील अब्बासी, मो0 निजाम, लल्ला बाबू, अफजल अब्बास, नाजिम अब्बास, अनवार, सुल्तान सैफी, हफीज मोहम्मद आदि लोगों के साथ सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## त्रुटि रहित पेंशन प्रकरण तैयार करने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही - जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को त्रुटि रहित पेंशन प्रकरण तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यालय परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और पेंशन निराकरण से संबद्ध लिपिकों को शासकीय सेवकों के सेवा निवृत्त होने पर पेंशन भुगतान



और मृत्यु होने पर परिवार पेंशन भुगतान के लिए प्रकरण तैयार करने से संबंधित बारीकियों की जानकारी दी गई। संभागीय कार्यालय कोष एवं पेंशन बिलासपुर से आए संयुक्त संचालक श्री आर के पटेल ने शासकीय सेवकों को सेवा निवृत्त होने से दो वर्ष पहले तैयारी शुरू करने तथा तीन माह पूर्व पेंशन प्रस्ताव ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रस्तुत करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। उन्होने पेंशन प्रकरण के संबंध में कार्यालय प्रमुखों का उत्तरदायित्व से बोध कराते हुए इसे गंभीरता से लेने और चेकलिस्ट के अनुसार दस्तावेजों की पूर्ति कराने की जानकारी दी। ला कोषालय अधिकारी श्री जीतेन्द्र कुमार श्रीवास एवं सहायक कोषालय अधिकारी श्रीमती बबीता शर्मा ने भी पेंशन प्रकरणों से संबंधित बारीकियों की जानकारी से अवगत कराया।


# कुदरगढ़ में रेस्ट हाऊस, पुलिस चौकी, उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थल चिन्हित करने के निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सूरजपुर जिले के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किए गए निर्देश एवं घोषणा की कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कुदरगढ़ में रेस्ट हाउस, पुलिस चौकी, उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थल चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग के सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग को पेंशन संबंधी प्रकरण समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास से एनीमिया संबंधी प्रकरण, मलेरिया, डायरिया, टाइफाइड संबंधी प्रकरण की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग को जिले के सभी पहुंचविहीन गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी पंचायतों से निर्धारित कर वसूली की जानकारी ली तथा पंचायत में वसूली की कार्यवाही पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान योजना अंतर्गत किए जा रहे पीएम किसान पोर्टल ई केवाईसी प्रविष्टि की जानकारी ली तथा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवर्ती चराई के लिए बेसिक अधोसंरचना की जानकारी ली तथा शासन की मंशा अनुसार शीघ्रता से कार्य निर्माण कार्य पूर्ण कर गौठान में गतिविधियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम श्री रवि सिंह, श्री सागर सिंह, दीपिका नेताम, उत्तम रजक, डिप्टी कलेक्टर वहीदुर्रहमान, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस निरीक्षक श्री धर्मानंद शुक्ला एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सुश्री आरा ने नगरी क्षेत्र में संचालित धनवंतरी योजना की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक धनवंतरी की दवाइयों की उपयोग हो इसके लिए सभी जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जरूरत की दवाइयों को धनवंतरी मेडिकल स्टोर से लेने आग्रह किया है। उन्होंने सी मार्ट अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित एवं उत्पादित सामग्रियों को भी अधिकारियों को घरेलू उपयोग के लिए खरीदी करने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह को रोजगार से जोड़ने के लिए सी मार्ट, ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा वन धन केंद्र में बेहतर कार्य के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह को रोजगार से जोड़ने के लिए गौठान में दोना पत्तल का प्रसंस्करण लगाने निर्देशित किया है। उन्होंने राजस्व विभाग को राजस्व प्रकरण जैसे सीमांकन, बटवारा, नामांतरण, अभिलेख त्रुटि सुधार जैसे प्रकरणों को निराकरण करने निर्देशित किया एवं अभिलेख को अपडेट करने कहा है। कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टा वितरण संबंधी कार्यवाही ग्राम सभा में पारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृष्ण कुंज योजना अंतर्गत नगरी क्षेत्र में किया जाना है वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली तथा लक्ष्य के अनुरूप पौधे की व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग से अध्ययनरत स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बने हैं। उनका जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम छात्रावास का निरीक्षण समय-समय पर निरीक्षण करने राजस्व अमला एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया तथा आश्रम छात्रावास के जो भवन जर्जर है उन्हें मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आत्मानंद स्कूल में प्रवेश एवं शिक्षकों की भर्ती संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी ली तथा शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल का पीएम मोदी पर हमला, कहा- कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा देने में केंद्र सरकार नाकाम



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां में कश्मीरी पंडित के एक व्यक्ति की हत्या पर केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वहां कश्मीरी पंडित सुरक्षित नहीं हैं। पहले भी कश्मीरी पंडित, कर्मचारी और दूसरे प्रदेशों से गए लोग जम्मू में आकर प्रदर्शन कर चुके हैं। केंद्र की मोदी सरकार उन्हें सुरक्षा नहीं दे पा रही है। उनकी सुरक्षा की फिर से समीक्षा की जानी चाहिए। वहां सभी नागरिक सुरक्षित रहे, कर्मचारी सुरक्षित रहें यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कश्मीर में जो घटना घटी है, उसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस प्रकार की घटना को रोका जाना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा 6 प्रतिशत डीए बढ़ाए जाने को नाकाफी बताते हुए केंद्र सरकार के समान डीए दिए जाने के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बयान पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बहुत-बहुत धन्यवाद रमन सिंह को...। मैं कहना चाहूंगा कि हमने कर्मचारियों के लिए ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) लागू किया है। रमन जी भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। मोदी सरकार को बोलकर पूरे देश में ओपीएस लागू करवाएं। छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों का पैसा (अंशदान) दिल्ली सरकार के पास जमा है, उसे वापस कराएं। छत्तीसगढ़ में वित्तीय स्थिति को देखकर 6 प्रतिशत डीए बढ़ाया गया है।

## अजय चंद्राकर का नंबर नहीं आएगा

छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बदलने के बाद नेता प्रतिपक्ष बदलने के सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि विधायक व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का नंबर नहीं लगेगा। भाजपा का यह आंतरिक मामला है। सीएम भूपेश बघेल इससे पहले भी कह चुके हैं कि अध्यक्ष बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हम फाइट करेंगे और जीतेंगे। छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश से बाढ़ के हालात पर सीएम भूपेश ने कहा कि तेज बरसात के कारण नदी-नाले उफान पर है। बांधों से पानी छोड़ा गया है। जिला व पुलिस प्रशासन, आपदा प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि जहां जरूरत पड़े सहायता करें।

# भारी बारिश के बाद बांधों से छोड़ा हजारों क्यूसेक पानी, महानदी और शिवनाथ नदी से निचले इलाकों में बिगड़े हालात



छत्तीसगढ़ के दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में बारिश ने कहर मचा दिया है। भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। धमतरी जिले के गंगरेल बांध से पानी छोड़े जाने के कारण महानदी उफान पर है। वहीं शिवनाथ नदी भी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। बस्तर में इंद्रावती नदी सहित कई नदियों में बाढ़ की स्थिति है। बिलासपुर संभाग में भी अच्छी बारिश हुई। महानदी व शिवनाथ नदी में बांधों से हजारों क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे डाउनस्ट्रीम के जिलों में बाढ़ के हालात हैं। निचले इलाकों में हालात बिगड़ गए हैं। नदी किनारे बसे गांवों को खाली कराया जा रहा है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश से बाढ़ के हालात हैं। नदी-नाले उफान पर है। बांधों से पानी छोड़ा गया है। जिला व पुलिस प्रशासन, आपदा प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि जहां जरूरत पड़े सहायता करें। प्रदेश में कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग स्थित सिंचाई बांध और डैम लबालब हैं। ऐसी स्थिति में बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते महानदी व शिवनाथ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। धमतरी जिला स्थित रविशंकर जलाशय से 52 हजार क्यूसेक प्रति सेकंड के हिसाब से महानदी में पानी छोड़ा गया है। सोंढूर बांध से 5 हजार क्यूसेक, सिकासेर से 13 हजार 400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शिवनाथ नदी पर बने मोंगरा बैराज, सूखा नाला बैराज और घूमरिया बैराज से 70 हजार क्यूसेक पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा गया है, जिससे डाउनस्ट्रीम के जिलों में बाढ़ के हालात हैं।

## हीराकुंड बांध से छोड़ा गया लाखों क्यूसेक पानी

ओडिशा के संबलपुर स्थित हीराकुंड बांध में अभी करीब 900000 क्यूसेक पानी की आवक है। ओडिशा के महानदी डेल्टा क्षेत्र में भारी बारिश और ओडिशा में बाढ़ की स्थिति के बावजूद छत्तीसगढ़ सरकार की विशेष पहल पर हीराकुंड बांध के अधिकारियों ने हीराकुंड से पानी छोड़ने पर सहमति व्यक्त की है। अभी तक, हीराकुंड से लगभग 4,50000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। यही वजह है कि रायगढ़ और जांजगीर चांपा जिलों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति बन गई है। दोनों जिलों के बाढ़ संभावित गांव में मुनादी कराने के साथ ही निचले इलाकों को खाली कराया गया है।

## बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक मॉनसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, पूर्वी राजस्थान और उससे लगे पश्चिम मध्य प्रदेश, दमोह, अंबिकापुर, पुरुलिया, कोंटाई, और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। 19 अगस्त को एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है। 17 अगस्त को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में गरज चमक के साथ एक-दो स्थानों पर वज्रपात भी हो सकती है। 18 अगस्त से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना बन रही है।